# परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय मैसुरु

## ग्रीष्मकालीन अवकाश गृह कार्य

## कक्षा - X

## विषय - हिंदी

---

निर्देश: -1. सभी कार्य करना आवश्यक है ।

2. सभी कार्य 40 पृष्ठों की अभ्यास पुस्तिका में करने हैं।

3. सुंदर लेख लिखें और स्वच्छता का ध्यान रखें ।

4. प्रत्येक दिन हिंदी का एक पेज पढ़ना जरूरी है ।

---

1. सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?

2. हालदार साहब ने ड्राइवर को पहले चौराहे पर गाड़ी रोकने के लिए मना किया था लेकिन बाद में तुरंत रोकने को कहा

(क) हालदार साहब पहले मायूस क्यों हो गए थे?

(ख) मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है?

3. आशय स्पष्ट कीजिए - ''बार-बार सोचते, क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर-गृहस्थी-जवानी-जिंदगी सब कुछ होम देनेवालों पर भी हँसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूँढ़ती है।

4. पानवाले का एक रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए।

5. "वो लँगड़ा क्या जाएगा फ़ौज में। पागल है पागल!"कैप्टन के प्रति पानवाले की इस टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया लिखिए।

6. जब तक हालदार साहब ने कैप्टन को साक्षात देखा नहीं था तब तक उनके मानस पटल पर उसका कौन-सा चित्र रहा होगा, अपनी कल्पना से लिखिए।

7. कस्बों, शहरों, महानगरों के चौराहों पर किसी न किसी क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यक्ति की मूर्ति लगाने का प्रचलन-सा हो गया है | इस तरह की मूर्ति लगाने के क्या उद्देश्य हो सकते हैं?

8. नेताजी की मूर्ति का संक्षिप्त चित्रण कीजिए।  नेताजी की मूर्ति में कौन-सी कमी खटकती थी?

9. 'नेताजी का चश्मा' पाठ के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश देने का प्रयास किया है?

10. हालदार साहब के लिए कैप्टन सहानुभूति का पात्र था?  इसे आप कितना उचित समझते हैं?

11. हालदार साहब मूर्ति के बारे में सोचते-सोचते किस निष्कर्ष पर पहुँचे?

12. कैप्टन कौन था? उसका व्यक्तित्व नाम के विपरीत कैसे था?

13. बच्चों द्वारा मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा क्या प्रदर्शित करता है?

14. 'नेताजी का चश्मा' कहानी में निहित देश-भक्ति के सन्देश को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

15. 'देश-प्रेम किस तरह प्रकट होता है?''नेताजी का चश्मा' कहानी के आधार पर बताइए।

16. कैप्टन चश्मे वाले को सामने खड़ा देखकर हालदार साहब अवाक् क्यों रह गये थे?

17. पान वाला कैप्टन चश्मे वाले के प्रति कैसी सोच रखता है?

18. कैप्टन मूर्ति का चश्मा बार-बार क्यों बदल देता था?

19. पान वाले और हालदार साहब की सोच का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

20. 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर कैप्टन का चारित्रिक चित्रण कीजिए।

21. लेखक स्वयं प्रकाश जी के अनुसार 'नेताजी का चश्मा' कहानी का क्या उद्देश्य है?

22. खेतीबारी से जुड़े गृहस्थ बालगोबिन भगत अपनी किन चारित्रिक विशेषताओं के कारण साधु कहलाते थे?

23. बालगोबिन भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?

24. बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त कीं?

25. बालगोबिन भगत के व्यक्तित्व और उनकी वेशभूषा को अपने शब्दों में चित्र प्रस्तुत कीजिए।

26. बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी?

27. बालगोबिन भगत पाठ के आधार पर बालगोबिन भगत के मधुर गायन की विशेषताएँ लिखिए।

28. कुछ मार्मिक प्रसंगों के आधार पर यह दिखाई देता है कि बालगोबिन भगत प्रचलित सामाजिक मान्यताओं को नहीं मानते थे। पाठ के आधार पर उन प्रसंगों का उल्लेख कीजिए।

29. धान की रोपाई के समय समूचे माहौल को भगत की स्वर लहरियाँ किस तरह झंकृत कर देती थीं? उस माहौल का शब्द-चित्र प्रस्तुत कीजिए।

30. बालगोबिन भगत पाठ के आधार पर बताएँ कि बालगोबिन भगत की कबीर पर श्रद्धा किन-किन रूपों में प्रकट हुई है?

31. आपकी दृष्टि में भगत की कबीर पर अगाध श्रद्धा के क्या कारण रहे होंगे?

32. गाँव का सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश आषाढ़ चढ़ते ही उल्लास से क्यों भर जाता है?

33. मोह और प्रेम में अंतर होता है। भगत के जीवन की किस घटना के आधार पर इस कथन का सच सिद्ध करेंगे?

34. ऊपर की तसवीर से यह नहीं माना जाए कि बालगोबिन भगत साधु थे।"क्या'साधु'की पहचान पहनावे के आधार पर की जानी चाहिए? आप किन आधारों पर यह सुनिश्चित करेंगे कि अमुक व्यक्ति साधु' है?

35. पुत्र की मृत्यु के अवसर पर भगत अपनी पतोहू को परंपरा से हटकर कौन-सा कार्य करने को कह रहे थे और क्यों?

36. बालगोबिन भगत अपने साधु और गृहस्थ होने का स्वाभिमान कैसे बनाए रखते थे? उनकी गंगा-स्नान यात्रा के आलोक में स्पष्ट कीजिए।

37. कबीर पंथ मानव को किस प्रकार जीने की प्रेरणा देता है? 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

38. बालगोबिन भगत अपनी पतोहू को रोने के बदले उत्सव मनाने को क्यों कह रहे थे?

39. रामवृक्ष बेनीपुरी के रेखाचित्र 'बालगोबिन भगत' के आधार पर भगत का चरित्र चित्रण कीजिए।

40. लेखक 'बालगोबिन भगत' के आधार पर क्या सन्देश देते हैं?

41. **निम्नलिखित विषयों पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए-**

**(i) जीना मुश्किल करती महँगाई अथवा दिनोंदिन बढ़ती महँगाई**

संकेत बिंदु -* महँगाई और आम आदमी पर प्रभाव * कारण *महँगाई रोकने के उपाय* सरकार के कर्तव्य।

(ii) **भ्रष्टाचार की समस्या एवं समाधान**

संकेत बिंदु - ⁎ भूमिका ⁎ भ्रष्टाचार की परिभाषा ⁎ भ्रष्टाचार फैलने के कारण ⁎ समाधान

(iii) **मनोरंजन का बदलता स्वरूप**

संकेत बिन्दु : - ⁎ मनोरंजन की आवश्यकता ⁎ मनोरंजन के प्राचीन साधन ⁎ मनोरंजन के साधनों में बदलाव ⁎ आधुनिक साधनों के लाभ-हानियाँ।

**(iv) विदेशों के प्रति बढ़ता मोह**

संकेत बिन्दु: - विदेश के प्रति बढ़ता आकर्षण,आर्थिक संपन्नता , बेहतरीन जीवन-शैली

**(V) ऑनलाइन शिक्षा: शिक्षा जगत में नवीन क्रांति**

संकेत बिन्दु: - ⁎ वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अनिवार्यता ⁎ सकारात्मकप्रभाव ⁎ कमियाँ ⁎ सुझाव

**(vi) मीठी बोली का महत्व**

संकेत बिन्दु:- ⁎ मीठी बोली एक वरदान ⁎लोकप्रियता का साधन ⁎ कटुवाणी के दुष्परिणाम

(vii) **आधुनिक युग में मोबाइल फोन**

**संकेत बिंदु:** ⁎ संचार का माध्यम, ⁎ इंटरनेट का उपयोग, ⁎ मनोरंजन, ⁎ दुष्प्रभाव और समाधान

(viii) **जल संरक्षण: कल की आवश्यकता**

**संकेत बिंदु:** ⁎ जल ही जीवन है, ⁎ संकट के कारण, ⁎ संरक्षण के उपाय, ⁎ हमारा कर्तव्य

(ix) **सोशल मीडिया: वरदान या अभिशाप**

- **संकेत बिंदु:** ⁎ सूचनाओं का आदान-प्रदान, ⁎ रचनात्मकता, ⁎ साइबर अपराध और भ्रामक खबरें, ⁎ निष्कर्ष

**(x) महिला सशक्तीकरण**

**संकेत बिंदु:** ⁎ समाज में महिलाओं का स्थान, ⁎ शिक्षा का महत्व, बढ़ते कदम, ⁎ ⁎ सरकारी योजनाएं

**42. (i)** अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमें शैक्षिक भ्रमण हेतु टूर आयोजित कराने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। आप महावीर सीनियर सेकेंड्री स्कूल प्रताप बाग, दिल्ली की छात्रा अनामिका हैं।

(ii) आपके शहर की सड़कों पर हो रहे गड्ढों के कारण लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। इसके संबंध में बताते हुए नवभारत टाइम्स अखबार में प्रकाशित करवाने के लिए 120 शब्दों में संपादक को एक पत्र लिखिए।

(iii) आपके विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी की पत्र-पत्रिकाओं और आधुनिक साहित्य की कमी है। इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए अपने प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

(iv) अपने पिता जी को पत्र लिखकर सूचित कीजिए कि वार्षिक परीक्षा के लिए आपकी तैयारी कैसी है।

(v) आप दिल्ली के रोहणी इलाके के रहने वाले शिवम हैं। मुंबई निवासी अपने मित्र सोहम को आपके विद्यालय में आयोजित हुई राज्य स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए एक पत्र लिखिए।

(vi) आपका छोटा भाई छात्रावास में रहता है और खेल-कूद में अधिक समय बिताने के कारण पढ़ाई में पिछड़ रहा है। उसे समय का सदुपयोग करने की सलाह देते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

(vii) आपके शहर में बढ़ते अपराधों और असुरक्षा के वातावरण पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

(viii) आपके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण आप विद्यालय शुल्क देने में असमर्थ हैं। अपनी स्थिति बताते हुए प्रधानाचार्य को 'शुल्क मुक्ति' हेतु लगभग 100 शब्दों में प्रार्थना पत्र लिखिए।

(ix) परीक्षा के बाद आप अपने गाँव या किसी हिल स्टेशन पर छुट्टियाँ बिताने जा रहे हैं। अपने मित्र को अपने साथ चलने का निमंत्रण देते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

(x) आपकी छोटी बहन मोबाइल फोन का अत्यधिक प्रयोग कर रही है, जिससे उसकी पढ़ाई और स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। उसे मोबाइल के सीमित प्रयोग की सलाह देते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।